Printed Pages – 15

# J-309

## B.Com. (Part-II) (Old Course) Examination, 2021

### Paper - I

### CORPORATE ACCOUNTING

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न चुनते हुये सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note :** Attempt all the five questions selecting one from each unit. All questions carry equal marks.

**इकाई–I / UNIT-I**

**Q. 1.** अंशों के हरण से आप क्या समझते हैं ? अंशों के हरण एवं पुनः निर्गमन हेतु जर्नल (पंजी) प्रविष्टियाँ दीजिये।

What do you understand by forfeiture of shares ? Give journal entries for forfeiture and reissue of shares.





**अथवा OR**

A लिमिटेड ने 1,00,000 ₹ के अंकित मूल्य के 10% ऋणपत्र निम्न प्रकार निर्गमित किये :

| | ₹ |
|---|---|
| (1) विभिन्न व्यक्तियों को नगद भुगतान प्राप्त करने के लिये 90% पर | 50,000 अंकित |
| (2) एक लेनदार को 20,000 ₹ स्थायी संपत्तियाँ लेने के लिये, उसके प्रतिफल के रूप में | 25,000 अंकित |
| (3) बैंक को, सहायक प्रतिभूति के रूप में 10,000 ₹ के ऋण के लिये | 25,000 अंकित |

A लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए एवं चिट्ठा बनाइये।

A Ltd. issued nominal value ₹ 1,00,000, 10% debentures as follows :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | To sundry persons for cash at 90 percent | 50,000 Nominal |
| (2) | To a creditor for ₹ 20,000 of fixed assets taken over from him in satisfaction of his claim | 25,000 Nominal |
| (3) | To the bankers as collateral security for a loan of ₹ 10,000 | 25,000 Nominal |

Pass the necessary journal entries and prepare a balance sheet in the books of A Ltd.





## इकाई–II / UNIT-II

**Q. 2.** कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार एक कंपनी के अंतिम लेखों को तैयार करने एवं प्रस्तुत करने के संबंध में कौन से नियम हैं ? व्याख्या कीजिये।

What are the rules regarding the preparation and presentation of the final accounts of a company under the Companies Act, 2013 ? Explain.

**अथवा OR**

1 जनवरी, 2018 को रीता फैशन लिमिटेड का ऐच्छिक समापन हुआ। निस्तारक को संपत्तियों के विक्रय पर 3% तथा अंशधारियों को बांटी गयी राशि पर 2% पारिश्रमिक मिलेगा। निस्तारक ने कम्पनी की समस्त सम्पत्तियाँ बेच दी। 1 जनवरी, 2018 को कम्पनी की स्थिति निम्न प्रकार थी :

| | ₹ |
|---|---|
| संपत्तियों की बिक्री पर प्राप्त रोकड़ | 7,00,000 |
| समापन व्यय | 12,600 |
| व्यापारिक देय (एक माह का वेतन 8,400 ₹ सहित) | 95,200 |
| 7,000, 6% पूर्वाधिकार अंश प्रत्येक 30 ₹ का (जिस पर एक वर्ष का लाभांश अवशिष्ट है) | 2,10,000 |
| 14,000 समता अंश प्रत्येक 10 ₹ का, प्रत्येक पर 9 ₹ याचित व भुगतान किये गये हैं | 1,26,000 |

सामान्य संचय 1,68,000, लाभ-हानि खाता 28,000 ₹





कंपनी के पार्षद अंतर्नियमों के अनुसार पूर्वाधिकार अंशधारियों को समता अंशों की राशि भुगतान करने के बाद बची हुई राशि में से 1/3 राशि प्राप्त करने का अधिकार है। निस्तारक का अंतिम विवरण खाता बनाइये।

Reeta Fashion Ltd. went into voluntary liquidation on 1st January, 2018. The liquidator is to be paid remuneration at 3% on the amount realised on sale of assets and 2% on amount distributed to shareholders. The liquidator sold out all the assets of the company. On January 1st 2018 company's position was as under :

| | ₹ |
|---|---|
| Cash realised on sale of assets | 7,00,000 |
| Liquidation expenses | 12,600 |
| Trade payables (including salaries for one month ₹ 8,400) | 95,200 |
| 7,000, 6% preference shares of ₹ 30 each (on which dividend is in arrear for one year) | 2,10,000 |
| 14,000 equity shares of ₹ 10 each, ₹ 9 per share called and paid | 1,26,000 |

General Reserve ₹ 1,68,000, P & L A/c ₹ 28,000.

Under article of association of the company the preference shareholders have a right to receive $\frac{1}{3}$rd of the surplus remaining after





repaying the equity share capital. Prepare liquidator's final statement of accounts.

**इकाई–III / UNIT-III**

**Q. 3.** ख्याति के मूल्यांकन की अधिलाभ पद्धति से क्या समझते हैं ? अधिलाभ पर आधारित ख्याति के मूल्यांकन की विभिन्न पद्धतियाँ कौन-कौन सी हैं ?

What do you understand by super profit method of valuing goodwill ? What are the different methods of calculating goodwill based on super profit ?

**अथवा OR**

रश्मि लिमिटेड की पूंजी 5,00,000 ₹ है जो कि 100 ₹ वाले 5,000 अंशों में बंटी हुई है। 31 दिसम्बर 2018 को इसका संचय 1,00,000 ₹ है, इसमें से कम्पनी 10 समता अंशों के

लिये एक बोनस अंश निर्गमित करती है। अंशों का मूल्य निकालिये :

(i) बोनस अंशों के निर्गमन के पूर्व और

(ii) बोनस अंशों के निर्गमन के बाद।

The capital of Rashmi Limited is ₹ 5,00,000 divided into 5,000 shares of ₹ 100 each. On 31st December, 2018 its reserve is ₹ 1,00,000, out of this the company issue one bonus share for 10 equity share held. Find out the value of shares :

(i) Before the issue of bonus share and

(ii) After the issue of bonus share.





**इकाई–IV / UNIT-IV**

**Q. 4.** हस्तान्तरक एवं हस्तान्तरी कम्पनी किसे कहते हैं ? हस्तान्तरक एवं हस्तान्तरी कम्पनी की पुस्तकों में कौन सी प्रविष्टियाँ की जाती हैं ?

What is transferor and transferee company ? What accounting entries are made in the books of transferor company and transferee company ?

**अथवा OR**

एक कम्पनी के पुनर्निर्माण पर निम्न शर्तें स्वीकृत की गयीं : अंशधारी को अपने विद्यमान अंशों (जो 10 ₹ वाले 50,000 अंश हैं) के बदले निम्नलिखित प्राप्त करना है :

(i) अपने विद्यमान अंशों के 2/5 भाग के बराबर पूर्णदत्त समता अंश।

(ii) उपर्युक्त नये समता अंशों के 1/5 तक 5% पूर्णदत्त पूर्वाधिकार अंश।

(iii) 60,000 ₹ 6% द्वितीय ऋणपत्र

50,000 ₹ के प्रथम ऋणपत्रों का निर्गमन व आबंटन किया गया जिसके लिये भुगतान नकदी में प्राप्त हुआ। ख्याति जो 3,00,000 ₹ की थी, 1,50,000 ₹ तक अपलिखित की गयी। प्लांट व मशीनरी जो 1,00,000 ₹ के थे घटाकर 75,000 ₹ के कर दिये गये। फ्रीहोल्ड व पट्टे पर भवन को जो 1,50,000 ₹ का था, घटाकर 1,25,000 ₹ कर दिया गया। उपर्युक्त व्यवहारों के आधार पर कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिये।

On the reconstruction of a company, the following terms were agreed upon :





The shareholders to receive in lieu of their present holding (viz, 50,000 shares of ₹ 10 each) the following :

(i) Fully paid equity shares equity of $\frac{2}{5}$th of their holding.

(ii) 5% preferential shares, fully paid, to the extent of $\frac{1}{5}$th of the above new equity shares.

(iii) ₹ 60,000, 6% second debentures.

An issue of ₹ 50,000, 5% first debentures was made and allotted, payment for the same have been received in cash. The goodwill, which stood at ₹ 3,00,000 was written down to ₹ 1,50,000. The plant and machinery which stood at ₹ 1,00,000 was written down to ₹ 75,000. The

freehold and leasehold premises which stood at ₹ 1,50,000 were written to ₹ 1,25,000. Make necessary journal entries in the books of the company on the basis of above transactions.

**इकाई–V / UNIT-V**

**Q. 5.** समेकित चिट्ठा क्या है ? यह क्यों और कैसे बनाया जाता है ?

Why is a consolidated balance sheet ? Why and how is it prepared ?

**अथवा OR**

31 मार्च 2018 को बैंक आफ बड़ौदा के तलपट से निम्न अंश लिया गया है :

| | ₹ |
|---|---|
| 1.4.2017 को असमाप्त कटौती | 5,000 |





| | |
|---|---|
| भुनाये गये बिलों पर कटौती प्राप्त की | 12,650 |

बिल निम्न प्रकार भुनाये गये :

(अ) 1,00,000 ₹ @ 5% देयतिथि 30.4.2018

(ब) 1,20,000 ₹ @ 6% देयतिथि 31.5.2018

(स) 1,60,000 ₹ @ 6½% देयतिथि 30.6.2018

उपर्युक्त से यह गणना कीजिये कि प्राप्य कटौती की कितनी राशि लाभ-हानि खाते में जमा की जायेगी तथा जर्नल के लेखे भी कीजिये।

Following is the extract from the trial balance of Bank of Baroda as on 31st March, 2018 :

| | ₹ |
|---|---|
| Unexpired discount 1.4.2017 | 5,000 |
| Discount received on bills discounted | 12,650 |

Bills discounted as follows :

(15)

(a) 1,00,000 ₹ @ 5% Due date 30.4.2018

(b) 1,20,000 ₹ @ 6% Due date 31.5.2018

(c) 1,60,000 ₹ @ 6½% Due date 30.6.2018

From the above find out how much discount received will be credited in Profit and Loss A/c and give journal entries.